ओएनजीसी ONGC

# ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड

ग्रीन हिल्स, तेल भवन, देहरादून - 248 003

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

विज्ञापन सं. : 3/2019 (आर ऐंड पी)

## GATE-2019 के माध्यम से ई–1 स्तर पर इन्जीनिरिंग और जियो–साइन्सेज डिसिप्लिन्स में ग्रेजुएट प्रशिक्षुकों की भर्ती

GATE-2019 के माध्यम से इन्जीनिरिंग और जियो–साइन्सेज पदों को सितंबर 2018 में राष्ट्रीय दैनिकों, रोजगार समाचार और ongcindia-com पर विज्ञापन सं. 6/2018 (R&P) के द्वारा अधिसूचित किया गया था। विज्ञापन में यह सूचित किया गया था कि पदों कि संख्या का विवरण ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करते समय बताया जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थी जिन्होंने उक्त विज्ञापन में अधिसूचित पदों पर भर्ती के लिए GATE-2019 में अर्हता प्राप्त कर ली है वे ओएनजीसी में इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पदों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

**1. पदों का विवरण और न्यूनतम योग्यता मानदंड**

**1.1 अनिवार्य अर्हता और GATE विषय, कोड के साथ**

| क्रम सं. | पद और भूमिका | अनिवार्य अर्हता | GATE विषय | रिक्तियों कि संख्या | | | | | | दिव्यांग हेतु उपयुक्त चिन्हित | दिव्यांग आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | EWS | कुल | | |
| 1 (a) | एईई (सीमेंटिंग)–मैकेनिकल | न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | मैकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई) | 4 | 3 | 2 | 0 | 1 | **10** | | |
| 1 (b) | एईई (सीमेंटिंग)–पैट्रोलियम | न्यूनतम 60% अंकों के साथ पैट्रोलियम इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | पेट्रोलियम इंजीनियरिंग (पीई) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | | |
| 2 | एईई (सिविल) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ सिविल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | सिविल इंजीनियरिंग (सीई) | 9 (2*) | 6 (2*) | 2 (1*) | 1 (1*) | 1 | **19** | OA,OL,HH | OH – 01 HH – 02(1**) |
| 3 (a) | एईई (ड्रिलिंग)–मेकेनिकल | न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | मेकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई ) | 38 (1*) | 25 | 10 | 5 | 8 | **86** | | |
| 3 (b) | एईई (ड्रिलिंग)–पेट्रोलियम | न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | पेट्रोलियम इंजीनियरिंग (पीई) | 3 | 2 | 1 | 1 | 1 | **8** | | |
| 4 | एईई (इलेक्ट्रिकल) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री। इलेक्ट्रिकल सुपरवाइजर के रूप में सक्षमता प्रमाणपत्र होना आवश्यक है | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (ईई) | 48 (22*) | 27 (8*) | 11 (1*) | 3 (1*) | 6 | **95** | OL,HH | OH – 04, HH – 16 (11**) |
| 5 | एईई (इलेक्ट्रोनिक्स) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसी) | 13 (6*) | 5 | 3 | 2 (1*) | 1 | **24** | OL,HH | OH – 02 (1**), HH – 04(2**) |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ टेलीकॉम इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ ई एंड टी इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रोनिक्स सहित भौतिक विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री | भौतिकी (पीएच) | | | | | | | | |
| 6 | एईई (इन्स्ट्रूमेंटेशन) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग (आईएन) | 16 (6*) | 5 (1*) | 3 | 1 | 1 | **26** | OL,HH | OH – 01, HH – 08(6**) |
| 7 | एईई (मेकेनिकल) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | मेकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई) | 38 (15*) | 17 (1*) | 10 (2*) | 5 (1*) | 5 | **75** | OL,HH | OH – 03, HH – 16 (12**) |
| 8 (a) | एईई (प्रोडक्शन)–मेकेनिकल | न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | मेकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई) | 29 (5*) | 15 (3*) | 9 (1*) | 6 (1*) | 5 | **64** | | |
| 8 (b) | एईई (प्रोडक्शन)–केमिकल | न्यूनतम 60% अंकों के साथ केमिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | केमिकल इंजीनियरिंग (सीएच) | 36 (3*) | 18 (1*) | 12 (1*) | 6 | 8 | **80** | | |
| 8 (c) | एईई (प्रोडक्शन)–पेट्रोलियम | न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम इंजीनियरिंग/एप्लाइड पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | पेट्रोलियम इंजीनियरिंग (पीई) | 15 | 8 | 4 | 3 | 3 | **33** | | |
| 9 | एईई (आगार) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ जिओफिजिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री। (बी.एससी. स्तर पर गणित/भौतिकी होना आवश्यक है) | जिओलौजी और जिओफिजिक्स (भाग ए और भाग बी का सेक्शन 2 (जीजी) | 11 | 5 | 2 | 0 | 1 | **19** | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ जिओलौजी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री। (बी.एससी. स्तर पर गणित/भौतिकी होना आवश्यक है) | जिओलौजी और जिओफिजिक्स (भाग ए और भाग बी का सेक्शन 1 (जीजी) | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ रसायन शास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री। (बी.एससी. स्तर पर गणित/ भौतिकी होना आवश्यक है) | रसायन शास्त्र (सी वाय) | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ गणित में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री। (बी.एससी. स्तर पर गणित/भौतिकी होना आवश्यक है) | गणित (एमए) | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ भौतिकी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री। (बी.एससी. स्तर पर गणित/भौतिकी होना आवश्यक है) | भौतिकी (पीएच) | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम टेक्नोलौजी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री। (बी.एससी. स्तर पर गणित/ भौतिकी होना आवश्यक है) | पेट्रोलियम इंजीनियरिंग (पीई) | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ केमिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री। | केमिकल इंजीनियरिंग (सीएच) | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम इंजीनियरिंग/एप्लाइड पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | पेट्रोलियम इंजीनियरिंग (पीई) | | | | | | | | |
| 10 | केमिस्ट | न्यूनतम 60% अंकों के साथ रसायन शास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री | रसायन शास्त्र (सी वाय) | 30 (4*) | 17 | 9 | 5 | 6 | **67** | OA,OL | OH – 07(4**) |
| 11 | जिओलौजिस्ट | न्यूनतम 60% अंकों के साथ जिओलौजी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री | जिओलौजी व जिओफिजिक्स (भाग ए और भाग बी का सेक्शन 1) (जीजी) | 40 (19*) | 13 | 8 | 3 | 4 | **68** | OA,OL,HH | OH – 09 (5**), HH – 19(14**) |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम जिओसाइन्स में एम.एससी. या एम. टेक | | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम जिओलौजी में एम.एससी. या एम. टेक | | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ जिओलौजिकल टेकनोलौजी में एम. टेक | | | | | | | | | |

| क्रम सं. | पद और भूमिका | अनिवार्य अर्हता | GATE विषय | रिक्तियों कि संख्या | | | | | | दिव्यांग हेतु उपयुक्त चिन्हित | दिव्यांग आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | EWS | कुल | | |
| 12 | जिओफिजि सिस्ट (सरफेस) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ जिओफिजिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री | जिओलौजी व जिओफिजिक्स (भाग ए और भाग बी का सेक्शन 2) (जीजी) | 13 | 8 | 4 | 2 | 2 | **29** | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ जिओफिजीकल टेकनोलौजी में एम.टेक | | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रोनिक्स सहित भौतिक विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री | भौतिकी (पीएच) | | | | | | | | |
| 13 | जिओफिजि सिस्ट (कूप) | न्यूनतम 60% अंकों के साथ जिओफिजिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री | जिओलौजी व जिओफिजिक्स (भाग ए और भाग बी का सेक्शन 2) (जीजी) | 6 | 4 | 2 | 1 | 1 | **14** | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ जिओफिजीकल टेकनोलौजी में एम. टेक | | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रोनिक्स सहित भौतिक विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री | भौतिकी (पीएच) | | | | | | | | |
| 14 | मैटीरियल्स मैनेजमेंट अधिकारी | न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | मेकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई) | 20 (9*) | 6 | 3 | 2 | 2 | **33** | OA,OL, BL,HH,LV | VH – 18 (9**), OH – 01 |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ ऑटो इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (ईई) | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग (आईएन) | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम इंजीनियरिंग/एप्लाइड पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | पेट्रोलियम इंजीनियरिंग (पीई) | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ केमिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | केमिकल इंजीनियरिंग (सीएच) | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ सिविल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | सिविल इंजीनियरिंग (सीई) | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसी) | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ टेलीकॉम इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ ई एंड टी इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | कंप्यूटर साइन्स एंड इन्फोर्मेशन टेक्नौलोजी (सीएस) | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इन्फोर्मेशन टेक्नौलोजी में ग्रेजुएट इंजीनियरिंग में डिग्री | | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | प्रॉडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग (पीआई) | | | | | | | | |
| 15 | प्रोग्रामिंग अधिकारी | न्यूनतम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | कंप्यूटर साइन्स एंड इन्फोर्मेशन टेक्नौलोजी (सीएस) | 9 (4*) | 3 | 1 | 0 | 0 | **13** | OA,OL, BL,B,LV, HH | VH – 05(2**) |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इन्फोर्मेशन टेक्नौलोजी में ग्रेजुएट इंजीनियरिंग में डिग्री | | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर एप्लिकेशनन्स (एमसीए) में पोस्ट ग्रेजुएट | | | | | | | | | |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर साइन्स (एमसीए) में पोस्ट ग्रेजुएट | | | | | | | | | |
| | | भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा परिभाषित रूप में 'बी' लेवल डिप्लोमा | | | | | | | | | |
| 16 | ट्रांसपोर्ट अधिकारी | न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | मेकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई) | 5 (2*) | 1 | 3 | 1 | 1 | **11** | OL,HH | OH – 01, HH – 03(2**) |
| | | न्यूनतम 60% अंकों के साथ ऑटो इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | | | | | | | | | |
| 17 | एईई (इंडस्ट्रियल इंजीनिअरिंग | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री | प्रॉडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग (पीआई) | 5 | 2 | 2 | 0 | 1 | **10** | OA,OL, BL,HH | OH – 01, HH - 01 |
| **योग** | | | | **389** | **190** | **101** | **47** | **58** | **785** | | **122#(VH – 23, OH – 30, HH – 69)** |

*** पिछली भर्तियों की खाली रिक्तियों का बैकलौग**

**** पिछली भर्तियों की खाली रिक्तियों का बैकलौग। यदि इन बैकलौग पदों के लिए संबन्धित आराक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी उपलब्ध न हों तो उपयुक्त चिन्हित पदों में श्रेणी के इंटरचेंज द्वारा अन्य श्रेणी के दिव्यांग अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा और यदि श्रेणी के इंटरचेंज द्वारा भी उपयुक्त दिव्यांग अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होता है तो पद को दिव्यांग के अलावा किसी अन्य अभ्यर्थी द्वारा भरा जाएगा।**

**# इसमें डीओपीटी के O.M. No 36012/24/2009– Estt (Rs-) दिनांक 03.12.2013 के अनुसार रोस्टर की रीकास्टिंग से उत्पन्न दिव्यांगों के शॉर्टफौल पद सम्मिलित हैं।**

**उपयोग में लाये गए एब्रिविएशन्स:** PwD= दिव्यांग, VH= विजुअली हैंडीकैप्ड, HH= हियरिंग हैंडीकैप्ड, OH= और्थोपिडिकली हैंडीकैप्ड, OA= वन आर्म, OL= वन लेग, BL= बोथ लेग्स, B= ब्लाईंड, LV= लो विजन, EWS= इकोनोमिकली वीकर सेक्शन

**नोटः**

a. नियमित तरीके से संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जा रहे पाठ्यक्रम असोसियेशन औफ इंडियन यूनिवर्सिटीज(एआईयू)/यूजीसी/एआईसीटीई इत्यादि जैसे केंद्र सरकार के अधीन पदों और सेवाओं में रोजगार के लिए सुसंगत विधिक निकायों द्वारा अनुमोदित/मान्यता प्राप्त होने चाहिए। वे अभ्यर्थी जिन्होने डिस्टेन्स लर्निंग/पार्ट टाइम रूप से अर्हता प्राप्त की है वे भी आवेदन करने के लिए योग्य हैं परंतु उनकी यह अर्हता केंद्र सरकार के पदों और सेवाओं में रोजगार के लिए सुसंगत विधिक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।

b. उपरोक्त सारिणी में उल्लिखित अर्हताएं अलंघनीय हैं। कोई भी समकक्ष अर्हता स्वीकार्य नहीं होगी। उदाहरण के लिए जहां इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट डिग्री अर्हता हो वहाँ AMIE स्वीकार नहीं किया जाएगा।

c. अहर्ता डिग्री में अंकों के प्रतिशत की गणना विश्वविद्यालय/ संस्थान के नियमों के अनुसार है।

d. जहां कहीं सीजीपीए/ ओजीपीए/ सीपीआई/ डीजीपीए या लैटर ग्रेड में डिग्री प्रदान की जाती है वहाँ संबन्धित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानकों के अनुसार ऑनलाइन आवेदनों में अंकों का समकक्ष प्रतिशत उल्लिखित किया जाना चाहिए। कृपया विश्वविद्यालय/ संस्थान से इस आशय का एक प्रमाणपत्र भी प्राप्त करें जिस को साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा। यदि विश्वविद्यालय/ संस्थान के पास सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई/डीजीपीए या लेटर ग्रेड में डिग्री को प्रतिशत में परिवर्तित करने का प्रावधान नहीं है तो 10 पॉइंट स्केल पर न्यूनतम 6 पॉइंट को 60: माना जाएगा।

e. अध्ययन के अर्हता पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष/सिमेस्टर में अध्ययनरत छात्र भी आवेदन करने के लिए योग्य हैं। तथापि, यदि ऐसे अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए शॉर्ट लिस्ट किया जाता है और उसके पास साक्षात्कार के समय, जहां लागू है वहाँ, अंकों के न्यूनतम निर्धारित प्रतिशत के साथ अर्हता डिग्री नहीं है वहाँ उनकी अभ्यर्थता को अस्थायी माना जाएगा तथा यह शर्त होगी कि, जहां लागू हो वहाँ, वह 31.07.2019 से पहले अंकों के न्यूनतम निर्धारित प्रतिशत के साथ अर्हता डिग्री को पूर्ण करने की सभी अपेक्षाओं को पूरा कर लिए जाने का दस्तावेजी साक्ष्य जमा कर देगा। यदि वह 31.07.2019 तक ऐसा दस्तावेज जमा करने में असमर्थ रहता है तो उसकी अभ्यर्थता पूरी तरह अस्वीकृत कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में कोई संवाद/पुनर्विचार नहीं किया जाएगा।

f. यदि उपरोक्त न्यूनतम अनिवार्य अर्हता में अपेक्षानुसार अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता का उल्लेख नहीं है तो अभ्यर्थियों को अपने विश्वविद्यालय/ संस्थान से एक प्रमाणपत्र साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा जिसमें अर्हक डिग्री में उनकी विशेषज्ञता का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है।

g. जहां इस विज्ञापन में विनिर्दिष्ट पद किसी वर्ग/वर्गों के लिए आरक्षित नहीं हैं वहाँ एक आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकता है, बशर्ते कि वह अनारक्षित वर्ग के लिए विनिर्दिष्ट मानदंड पूरे करता हो। चयन प्रक्रिया में उसे अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के समान ही समझा जाएगा।

h. एईई (इलेक्ट्रॉनिक्स), जिओफिजिक्स (सरफेस) और जिओफिजिक्स (कूप) के पदों के लिए एक निर्धारित अर्हता इलेक्ट्रॉनिक्स सहित भौतिक विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री है। अभ्यर्थी के पास इलेक्ट्रॉनिक्स सहित भौतिक विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री होना आवश्यक है। निर्धारित ज्ञापन से भिन्न कोई नाम स्वीकार्य नहीं होगा।

i. EWS के अधीन आरक्षण चाहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रारूप और सक्षम अधिकारी का विवरण डीओपीटी कार्यालय के ज्ञापन सं० 36039/1/2019–estt (Res) दिनांक 31/01/2019 में उल्लिखित है। इसकी प्रति ऑनलाइन आवेदन साइट से भी डाउनलोड की जा सकती है।

j. जहां किसी भर्ती के वर्ष में EWS श्रेणी के उपयुक्त अभ्यर्थी की अनुपलब्धता के कारण EWS हेतु निर्धारित रिक्ति को भरा नहीं जा सकता हो वहाँ उस भर्ती वर्ष विशेष हेतु निर्धारित रिक्ति को अगले भर्ती वर्ष के लिए बैकलौग के रूप में आगे नहीं ले जाएगा तथा उस रिक्ति को EWS के अलावा किसी अभ्यर्थी द्वारा भरा जाएगा।

**1.2 आयु सीमा (01.01.2019 को) (आयु में छूट के साथ)**

| श्रेणी | आयु सीमा (एईई को छोड़ कर) (ड्रिलिंग / सीमेंटिंग) (वर्ष) | एईई (ड्रिलिंग / सीमेंटिंग) (वर्ष) |
|---|---|---|
| अनारक्षित/EWS | 30 | 28 |
| OBC (नॉन क्रीमी लेयर) | 33 | 31 |
| SC / ST | 35 | 33 |
| दिव्यांग | 40 (OBC के लिए 3 वर्ष और SC/ST के लिए 5 वर्ष अतिरिक्त छूट) | लागू नहीं |
| पूर्व सैनिक (ECO/ SSCO) (सामान्य, EWS, OBC, SC व ST) | 35 | 33 |
| | देखें अधिसूचना सं. 39016/10/79 – Estt(C) दिनांक 15.12.1979, 36034/1/2006 – Estt(Res) दिनांक 04.10.2012, OM. 36034/2/2013 – Estt(Res) दिनांक 08.04.2013 | |
| विभागीय अभ्यर्थी | आयु मे छूट ओएनजीसी में की गयी उनकी सेवा की सीमा तक प्रदान की जाएगी। | |

**नोटः**

i. एससी / एसटी / ओबीसी के रूप में आरक्षण चाहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अभिहित प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जो भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में होगा जिसमें अभ्यर्थी की जाति, अधिनियम / आदेश जिसके अधीन उस जाति को एससी / एसटी / ओबीसी के रूप में मान्यता प्राप्त है, और अभ्यर्थी के गाँव / शहर जिसमें वह समान्यतया निवास करता है, का स्पष्ट रूप से उल्लेख होगा।

ii. सरकारी उपक्रम में नियुक्ति हेतु एससी / एसटी / ओबीसी के लिए जाति प्रमाणपत्र और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए दिव्यांगता प्रमाणपत्र का निर्धारित प्रारूप ऑनलाइन एप्लीकेशन साइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

iii. ओबीसी अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनके पास भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम नॉन–क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र नवीनतम प्रारूप में है। जाति के नाम में किसी परिवर्तन वाले प्रमाणपत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

iv. समान्यतया अभ्यर्थी के ऑनलाइन आवेदन में पहले से उल्लिखित श्रेणी में कोई परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा।

**2. एईई (प्रॉडक्शन), एईई (ड्रिलिंग) और एईई (सीमेंटिंग) के पदों को उनकी विशिष्ट भूमिका के साथ आगे और विभाजित किया गया है तथा केवल विशिष्ट अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी ही इन भूमिका आधारित पदों पर आवेदन कर सकते हैं।**

**3. चयन प्रक्रियाः**

a. GATE – 2019: विज्ञापित पदों के लिए अनिवार्य अर्हता रखने वाले इच्छुक और योग्य अभ्यर्थियों को उपरोक्त पैरा 1.1 में योग्यता मानदंड के अधीन 'कोड के साथ अनिवार्य योग्यता व GATE विषय' में इंगित किए गए अनुसार Graduate Aptitude Test in Engineering (GATE) 2019 में भाग लिया होना और GATE – 2019 प्राधिकारी द्वारा योग्य घोषित किया जाना आवश्यक है।

b. प्रबंधन द्वारा तय किए गए मानदंड के अनुसार व्यक्तिगत साक्षात्कार की आगे की चयन प्रक्रिया हेतु अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए ओएनजीसी के पदों के समक्ष उल्लिखित विषय में GATE–2019 स्कोर पर विचार किया जाएगा।

c. अभ्यर्थी का अंतिम चयन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर किया जाएगा – शैक्षिक अर्हता, GATE–2019 में प्रदर्शन और व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन। इन मानदंडों को निम्नलिखित वेटेज प्रदान किया जाएगाः

| मानदंड | अंक |
|---|---|
| GATE – 2019 स्कोर का प्रदर्शन | 60 |
| अर्हता | 25 (20 अंक अनिवार्य अर्हता हेतु और इनलाइन Ph-D* हेतु 5 अंक) |
| साक्षात्कार | 15 |
| **कुल** | **100** |

*यदि पूर्ण कर लिया गया हो और साक्षात्कार की तिथि पर दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किया गया हो।

क. चयनित होने के लिए अभ्यर्थियों को GATE–2019 में अर्हता प्राप्त करनी होगी और तत्पश्चात अर्हता मानदंड पूरा करने के अतिरिक्त पृथक रूप से पुनः व्यक्तिगत साक्षात्कार में भी अर्हता प्राप्त करना आवश्यक होगा। साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त करने के लिए सामान्य और ओबीसी अभ्यर्थियों को न्यूनतम 60% अर्थात 15 में से 09 अंक और एससी / एसटी / दिव्यांग अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40: अर्थात 15 में से 06 अंक साक्षात्कार में प्राप्त करने होंगे।

**4. प्रवीणता सूची को अंतिम रूप देना**

a साक्षात्कार में अर्ह होने वाले अभ्यर्थियों को प्रवीणता सूची में सम्मिलित किया जाएगा।

b अर्हता, GATE–2019 और साक्षात्कार में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों के वेटेज कुल योग पर तैयार उनके सापेक्ष रैंक के आधार पर अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रस्ताव जारी किया जाएगा।

c दो अभ्यर्थियों द्वारा समान कुल अंक प्राप्त किए जाने की स्थिति में, प्रदर्शन (GATE–2019 स्कोर का वेटेज) में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को वरिष्ठ माना जाएगा, और यदि प्रदर्शन में भी दोनों अभ्यर्थियों द्वारा एक समान अंक प्राप्त किए जाएँ तो नाम जारी किए जाने के लिए, आयु में बड़े अभ्यर्थी को वरिष्ठ माना जाएगा।

d चयन के मामलों में अन्य बातें जैसे अर्हता,योग्यता और चयन मानदंड इत्यादि समान होने पर विभागीय अभ्यर्थियों पर पहले विचार किया जाएगा।

e. इस विज्ञापन के अधीन ओएनजीसी में भर्ती प्रक्रिया के लिए केवल GATE–2019 स्कोर ही मान्य है। GATE–2018 या उससे पहले की GATE परीक्षा से स्कोर मान्य नहीं है।

f. ओएनजीसी मेडिकल एक्जामिनेशन ऑफ एम्प्लॉईज रूल्स, 1996 के अधीन नियत मानकों के अनुसार अभ्यर्थियों का चयन कंपनी की चिकित्सा जांच के अधीन होगा। इन नियमों का विवरण ओएनजीसी की वैबसाइट www.ongcindia.com पर उपलब्ध है।

**5 आवेदन कैसे करें**

a योग्य और इच्छुक अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन रजिस्टर करने के लिए वैबसाइट www.ongcindia.com पर विजिट करना चाहिए। रजिस्ट्रेशन साइट 05 / 04 / 2019 से 25 / 04 / 2019 तक खुली रहेगी। आवेदन का कोई अन्य तरीका, पुनः नोट करें कि कोई अन्य तरीका स्वीकार्य नहीं होगा।

b अभ्यर्थी अपनी अर्हता के अनुसार अधिकतम चार (04) पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को पदों की उनकी पसंद वरीयता के क्रम में देनी होगी। बाद में वरीयता के क्रम में किसी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन में इंगित उस के वरीयता के क्रम के आधार पर नियुक्ति का केवल एक प्रस्ताव दिया जाएगा।

c यदि आरक्षित श्रेणी के लिए कोई पद नहीं है तब भी आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी अनारक्षित पद के लिए आवेदन कर सकते हैं, परंतु उन्हें आयु में छूट प्रदान नहीं की जाएगी।

d वेबसाइट पर अपना ऑनलाइन आवेदन रजिस्टर / जमा करने से पहले अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज तैयार रखने चाहिएः

i. GATE–2019 रजिस्ट्रेशन आईडी और आवेदन आईडी

ii. डाउनलोड किये गए और उचित रूप से भरे गए चालान के साथ जमा की गयी निर्धारित फीस के बैंक में जमा किए जाने की संबन्धित बैंक द्वारा पुष्टि।

iii. मोबाइल नंबर और ई–मेल आईडी (जैसा GATE–2019 आवेदन में भरा गया हो) जिस पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए ओटीपी भेजा जाएगा।

iv. सफेद पृष्ठभूमि के साथ अभ्यर्थी के रंगीन नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ की स्कैन्ड प्रति जो एक छोटी सफेद शीट, जिसे फोटोग्राफ के ठीक नीचे चिपकाया गया हो, पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर के साथ। (70 केबी से बड़े आकार की न हो)।

v अर्हता प्रमाणपत्र।

vi जाति / दिव्यांगता / ईडबल्यूएस प्रमाणपत्र, यदि अभ्यर्थी एससी / एसटी / ओबीसी / दिव्यांगता / ईडबल्यूएस श्रेणी से है तो समुदाय, राज्य व जनपद का विवरण भरा जाए।

e. रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार केवल उनके रजिस्टर्ड ई–मेल और मोबाइल द्वारा ही किया जाएगा। अभ्यर्थियों से आग्रह है कि वे अपने रजिस्टर्ड ई–मेल और मोबाइल को कम से कम एक वर्ष तक सक्रिय रखें।

f. साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के कौल लैटर को डाउनलोड करने के लिए प्रमाणपत्रों की स्कैन की गयी प्रतियों को ऑनलाइन एप्लिकेशन साइट पर अपलोड करना होगा।

g. साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थी, स्कैन किए गए प्रमाणपत्र इत्यादि से संबन्धित सभी जानकारी ओएनजीसी की वैबसाइट www.ongcindia.com पर उपलब्ध होगी। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा अलग से प्रवेश पत्र / साक्षात्कार पत्र नहीं भेजे जाएंगे।

h. प्रमाणपत्रों की स्कैन की गयी प्रतियों को अपलोड करने तथा इंटरव्यू कौल लैटर को डाउनलोड व प्रिंट करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

i. अभ्यर्थी द्वारा एक बार ऑनलाइन आवेदन जमा कर दिये जाने के पश्चात किसी परिवर्तन कि अनुमति नहीं होगी।

j. रजिस्ट्रेशन प्रभारः अभ्यर्थियों की भिन्न–भिन्न श्रेणियों के लिए रजिस्ट्रेशन प्रभार निम्नलिखित होंगेः

| क्रसं | श्रेणी | रजिस्ट्रेशन प्रभार (रु.) |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य / ईडबल्यूएस / ओबीसी / पूर्व सैनिक | 370/-* |
| 2 | एससी / एसटी / दिव्यांग | कोई प्रभार नहीं |

*रजिस्ट्रेशन प्रभार में रु.60.00 के बैंक चार्जेज और रु.10.80 के लागू टैक्स सम्मिलित हैं।

- रजिस्ट्रेशन फीस अप्रतिदेय है।
- रजिस्ट्रेशन फीस ओएनजीसी पावर ज्योति बैंक A/c नंबर 30827318409 एसबीआई, तेल भवन देहरादून के नाम से चालान द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में जमा की जा सकती है।
- आवेदक बैंक चालान फॉर्म www.ongcindia.com से डाउनलोड कर सकते हैं।
- ओएनजीसी से विभागीय कर्मचारियों को भी चालान फॉर्म के द्वारा रजिस्ट्रेशन फीस जमा करना आवश्यक होगा तथापि इस की प्रतिपूर्ति की जाएगी।
- अभ्यर्थियों को अपने चालान की मूल प्रति अपने पास रखनी चाहिए ताकि बाद में ओएनजीसी द्वारा इसे सत्यापित किया जा सके।

k. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे केवल एक ही आवेदन जमा करें। एक ही अभ्यर्थी द्वारा अनेक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में केवल नवीनतम को ही फाइनल माना जाएगा और पुराने आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

l. व्यक्तिगत साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी जिनका डाक का पता परीक्षा के शहर से बाहर का है उन्हें सबसे छोटे रास्ते से आने–जाने के एक व्यक्ति के द्वितीय श्रेणी के रेल के किराए (स्लीपर चार्जेज / रिजेर्वेशन चार्जेज, यदि भुगतान किया गया हो, सहित) या भुगतान किए गए वास्तविक किराए, दोनों में से जो कम हो, की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

**6 महत्वपूर्ण तिथियाँः**

| क्रम सं. | गतिविधि | दिनांक और दिन |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आवेदन की प्रारम्भ तिथि | 05 / 04 / 2019 |
| 2 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आवेदन की अंतिम तिथि | 25 / 04 / 2019 |
| 3 | शॉर्टलिस्ट किए अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की स्कैन की गयी प्रतियों को अपलोड करने तथा इंटरव्यू कौल लैटर को डाउनलोड करने की अवधि | 05 / 05 / 2019 से 20 / 05 / 2019 (संभावित) |
| 4 | साक्षात्कार का आरंभ | 10 / 06 / 2019 (संभावित) |

**7 सामान्य निर्देशः**

a- सभी आवेदकों के लिए पद की आवश्यक अपेक्षाओं और विज्ञापन में नियत अन्य शर्तों को भरना आवश्यक है। उन्हें सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पहले वह स्वयं की संतुष्टि कर लें। योग्यता के संबंध में किसी प्रकार की पूछताछ का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

b. आवेदकों को केवल ऑनलाइन आवेदन ही करना होगा। किसी मैनुअल / कागजी पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

c- स्क्रीनिंग और चयन आवेदक द्वारा प्रस्तुत विवरण के आधार पर किया जाएगा, अतः यह आवश्यक है कि आवेदक केवल सही और सम्पूर्ण जानकारी ही प्रस्तुत करें। गलत जानकारी प्रस्तुत करना एक अयोग्यता होगी और ऐसी गलत जानकारी प्रस्तुत करने के फलस्वरूप होने वाले परिणामों के लिए ओएनजीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

d- अभ्यर्थी के पास, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पहले, अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंको का प्रतिशत, GATE स्कोर कार्ड जैसे सुसंगत दस्तावेज, ई–मेल आईडी और मोबाइल फोन तुरंत उपलब्ध होना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन भरते समय इस जानकारी की आवश्यकता होगी।

e- यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत कोई जानकारी गलत पाई जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित योग्यता मानदंडों के साथ पुष्टिकारक नहीं पाई जाती है तो भर्ती की प्रक्रिया के किसी चरण पर या भर्ती के पश्चात अथवा जॉइनिंग के पश्चात ऐसे रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों की अभ्यर्थता रद्द की जा सकेगी।

f- ऑनलाइन आवेदन में घोषित मेलिंग का पता / श्रेणी / डिसिप्लिन में किसी परिवर्तन के निवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

g- अभ्यर्थियों को भविष्य के संदर्भ हेतु अपनी ओएनजीसी रजिस्ट्रेशन स्लिप, चालान, प्रवेश पत्र और

साक्षात्कार के कौल लेटर की प्रति अपने पास रखनी चाहिए। इसके प्रिंट आउट के साथ छेड़छाड़ न करें। कोई भी दस्तावेज, जिस में रजिस्ट्रेशन स्लिप इत्यादि की प्रति सम्मिलित है, ओएनजीसी को न भेजें जब तक कि विशिष्ट रूप से इनकी मांग नहीं की जाती।

h- सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी सेवा में सेवारत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र (NOC) प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

I- ओएनजीसी विभागीय अभ्यर्थियों को ऑनलाइन प्रपत्र में उपयुक्त फील्ड में ओएनजीसी का स्वयं का सीपीएफ नंबर भरना सुनिश्चित करना चाहिए। ऐसा न करने पर ओएनजीसी से विभागीय अभ्यर्थी के रूप में उनकी स्क्रीनिंग /मान्यता नहीं होगी।

j- यदि एक अभ्यर्थी से एक से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो नवीनतम आवेदन को फाइनल माना जाएगा।

k- किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायक्षेत्र केवल दिल्ली होगा।

I- ग्रेजुएट प्रशिक्षु (GT) भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि जिस पद के लिए उन्होने आवेदन किया है उस पद की सभी योग्यता शर्तों को वे पूरा करते हैं। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में उनका प्रवेश सभी निर्धारित योग्यताओं को पूरा करने की शर्त पर शुद्ध रूप से अस्थायी होगा। अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन हेतु यूनिक आईडी/साक्षात्कार हेतु कौल लैटर जारी कर दिये जाने मात्र का यह अर्थ नहीं होगा कि ओएनजीसी द्वारा उसकी अभ्यर्थता अंतिम रूप से स्वीकार कर ली गयी है। अभ्यर्थी को साक्षात्कार शॉर्टलिस्ट किए जाने के पश्चात ही ओएनजीसी मूल दस्तावेजों के संबंध में योग्यता की शर्तों का सत्यापन करता है।

m- चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति ओएनजीसी के 'मेडिकल एक्जामिनेशन ऑफ इम्प्लौईज रुल्स, 1996' के अधीन नियत मानकों के अनुसार कंपनी की मेडिकल जांच को पास करने की शर्त के अधीन होगी। इन नियमों का विवरण ओएनजीसी की वैबसाइट पर उपलब्ध है। तथापि, अभ्यर्थियों की जानकारी के लिए कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु यहाँ नीचे दिये गए हैं:

| क्रम स. | मेडिकल स्थिति | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1 | पूर्ण या आंशिक वर्णान्धता | केवल मैटीरियल्स मैनेजमेंट अधिकारी के पदों के लिए स्वीकार्य। अन्य सभी पदों के लिए स्वीकार्य नहीं |
| 2 | मायोपिया की कुल मात्रा (सिलिंडर सहित) -4.00 D से अधिक नहीं होनी चाहिए और हाईपरमेट्रोपिआ की कुल मात्रा (सिलिंडर सहित)+4.00 D से अधिक नहीं होगी। | सभी विज्ञापित पदों के लिए स्वीकार्य। |
| 3 | 20 वर्ष से अधिक आयु वाले अभ्यर्थियों के लिए मायोपिया की कुल मात्रा – 6.00 D तक और हाईपरमेट्रोपिआ की कुल मात्रा +6.00 D तक सीमित है। (परंतु विट्रिअस या रेटिना में कोई अपह्रास परिवर्तन नहीं हैं और जहां रोग के बढ़ने की संभावना नहीं है) | केवल एईई (आगार), केमिस्ट, जिओलौजिस्ट (सरफेस), जिओफिजीसिस्ट (कूप), मैटीरियल्स मैनेजमेंट अधिकारी और प्रोग्रामिंग अधिकारी के पदों के लिए स्वीकार्य। अन्य सभी पदों के लिए स्वीकार्य नहीं। |
| 4 | जन्मजात रात्रि अंधता | किसी पद के लिए स्वीकार्य नहीं |
| रोजगार के लिए कांटैक्ट लेंसेस और इंट्राओकुलर इंप्लांट के साथ सुधार में कोई बाधा नहीं है। परंतु निर्धारित मानक पूरे होने चाहिए। | | |

n- चयनित अभ्यर्थियों को भारत या विदेश में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

o- कंपनी के संबंध में और अधिक जानकारी के लिए हमारी वैबसाइट www.ongcindia.com पर विजिट कर सकते हैं।

p- निर्धारित मानदंड पूरे न करने वाले अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अस्वीकार कर दिया जाएगा। **झूठी/गलत** जानकारी प्रस्तुत करने वाले किसी अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया के दौरान अस्वीकार कर दिया जाएगा।

q- अभ्यर्थी www.ongcindia.com में **'प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न' (FAQs)** को देख सकते हैं।

r- किसी रूप में अनुयाचन अथवा चयन/भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अधिकारियों को प्रभावित करने का प्रयास करने पर अभ्यर्थी तुरंत अयोग्य हो जाएगा। किसी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में ओएनजीसी के प्रबंधन का निर्णय अंतिम और सभी अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।

s- अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे किसी समाचार पत्र में आने वाले अनैतिक विज्ञापन का उत्तर न दें। इस संबंध में किसी संवाद ६ विज्ञापन की प्रामाणिकता के लिए अभ्यर्थी ओएनजीसी की वैबसाइट www.ongcindia.com पर इसकी जांच कर सकते हैं।

t- कृपया यह नोट करें कि ओएनजीसी रजिस्ट्रेशन फीस के अतिरिक्त किसी प्रकार के भुगतान की मांग नहीं करता है।

**मुख्य प्रबन्धक (एचआर) प्रभारी कॉर्पोरेट रिक्रुटमेन्ट**
**ओएनजीसी, तेल भवन, देहरादून**